बी ई एम एल
beml
NEW FRONTIERS. NEW DREAMS

बीईएमएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह

न्यायमूर्ति पी वी शेट्टी, माननीय लोकायुक्त, कर्नाटक सभा को संबोधित करते हुए कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता लाने □ ह्वान किया

बीईएमएल लिमिटेड, जो भारत सरकार रक्षा मंत्रालय के अधीन शेड्यूल "ए" कंपनी है, ने सतर्कता जागरूगता सप्ताह के साथ मेल खाते हुए, आज अपने मुख्यालय में, न्यायमूर्ति पी विश्वनाथ शेट्टी, माननीय लोकायुक्त, कर्नाटक द्वारा एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया।

न्यायमूर्ति पी विश्वनाथ शेट्टी, माननीय लोकायुक्त, कर्नाटक सभा को संबोधित करते हुए

"**स्वतंत्र भारत का 75वां वर्ष** ; **सत्यनिष्ठा के साथ □ त्मनिर्भरता**" के विषय पर बात करते हुए, श्री शेट्टी ने सभा को सौंपे गए कार्यों में गुणवत्तापूर्ण कार्य और पारदर्शिता के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया, ताकि निजी क्षेत्रों के साथ प्रतिस्पर्धा की जा सके।

श्री अमित बनर्जी, सीएमडी, बीईएमएल ने सतर्कता सप्ताह की शुरूआत के अवसर पर दीप प्रज्ज्वलित कर सतर्कता शपथ दिलाई। श्री एम वी राजशेखर, निदेशक, खनन एवं निर्माण, श्री डी वेंकटेश्वर रेड्डी, आईआरएस, मुख्य सतर्कता अधिकारी, बीईएमएल, वरिष्ठ कार्यपालकगण और कर्मचारी उपस्थित थे।

श्री अमित बनर्जी सीएमडी बीईएमएल ने बीईएमएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरू त को चिह्नित करते हुए प्रज्ज्वलित किया

कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए विभिन्न कार्यक्रम जैसे सतर्कता पर व्याख्यान, पर्चे का वितरण, कार्यशाला, विक्रेता बैठक, निबंध, नारा लेखन, पेंटिंग, ड्राइंग और पोस्टर बनाना आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है।

इससे सतर्कता के बारे में जागरूकता बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी। सतर्कता सप्ताह का पालन केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा उपयोग किए नजेवाले उपकरणों में से एक है, जो सभी हितधारकों को भ्रष्टाचार की रोकथाम और उसके विरुद्ध लड़ाई में समूहिक रूप से भाग लेने और जन जागरूकता बढ़ाने के लिए एक साथ लता है।

बीईएमएल मीडिया रिलीज
27.10.2021